# केन्द्रीय विद्यालय संगठन जयपुर संभाग
## Kendriya Vidyalaya Sangathan , Jaipur Region
# सत्रांत परीक्षा 2025-26
## Session Ending Examination 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा – सातवीं | विषय – हिन्दी | सेट नं3 |
| Class-7 | Subject-Hindi | SetNo3 |
| अधिकतम अंक-60 | | अवधि 2:30घंटें |
| Max.Marks-60 | | Duration2:30hrs |

**अंक योजना**

सामान्य निर्देश : 1. अंक-योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।

2. वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन निर्दिष्ट अंक-योजना के आधार पर ही किया जाए।

3. वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक-योजना में दिए गए उत्तर-बिन्दु अंतिम नहीं है। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।

4. यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिन्दुओं से भिन्न, किन्तु उपयुक्त उत्तर दे तो उसे अंक दिए जाएँ।

5. मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

| | खंड – क (अपठित बोध) अंक – 10 | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर ।<br>(क) iv) कथन (अ), (ब), (स), व (द) सही है।<br>(ख) (iii) लक्ष्य का ही अंश हो जाना<br>(ग) (iii) ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>(घ) (iii) लक्ष्य पा लेना या उसके विषय में केवल जानना नहीं है बल्कि उसी का अंश हो जाना है।<br>(ड.) (ii) अज्ञान | 1x5 =5 |
| प्रश्न 2 | पद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर ।<br>(क) (i) कथन अ सही है<br>(ख) (i) बचपन गोद में आने लगे<br>(ग) (i) कथन सही, कारण गलत<br>(घ) (i) बच्चों पर अत्याचार होने लगे।<br>(ड.) (iv) सभी गलत है | 1x5 =5 |

| | खंड – ख (व्याकरण) अंक – 10 | |
|---|---|---|
| प्रश्न 3 | निर्देशानुसार हल – | 2x 5 =10 |

a.

**(क) दो–दो पर्यायवाची शब्द**

**आकाश-**आसमान,गगन आदि |

**पानी-**जल,नीर आदि |

**बादल-**घन,मेघ आदि |

**हवा-**पवन,वायु आदि |

**(ख) उपसर्ग–प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर सही उत्तर लिखिए – (कोई–2)**

| शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|
| (i) मार्मिक | | मर्म | **इक** |
| (ii) अदृश्य | **अ** | दृश्य | |
| (iii) मित्रता | | मित्र | **ता** |

(ग) **नीचे दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करें**– (**कोई-2**

(i) **भागना** (**क्रिया शब्द** पृथक |)

(ii) **मिठास** (**भाव** वाले शब्द |)

(iii)**नेत्र** (**भिन्न** |)

**(घ) स्तंभ – I में दिए गए विशेषण शब्दों को स्तंभ – II में दिए गए उचित विशेष्य शब्दों से मिलाइए –**

| स्तंभ – I **(विशेषण)** | स्तंभ – II **(विशेष्य)** |
|---|---|
| (i) हरी-भरी | (स) डालियां |
| (ii) सुन्दर | (अ) फूल |
| (iii) स्वादिष्ट | (द) मिठाई |
| (iv) मखमली | (ब) घास |

(ङ.) **नीचे दिए गए शब्दों के दो–दो अन्य अर्थ लिखिए-**

**(i) मन** – चित्त, 40 किलोग्राम वजन

**(ii) मंगल** – शुभ, मंगलवार

**(iii) फल** - खाने का फल ,परिणाम

**(iv) अर्थ** – अभिप्राय,धन (रुपया)

| | खंड – ग (पठित बोध) अंक – 26 | |
|---|---|---|

| प्रश्न 4 | **गद्यांश आधारित प्रश्नों के उत्तर -** | **1x 5 =5** |
|---|---|---|
| | **(क)** (ii) नाचना<br>**(ख)** (iv) हँसियाँ से<br>**(ग)** (iii) अदृश्य शक्ति को निमंत्रण देना<br>**(घ)** (ii) नृत्य अंगों में प्रवेश नहीं करेगा<br>**(ड.)** (iii) कथन और कारण दोनों सही | |
| **प्रश्न 5** | **पद्यांश प्रश्नों के उत्तर–**<br>**(क)** लोभ,लालच,वैर विरोध आदि<br>**(ख)** अपने श्रम से कमाकर<br>**(ग)** पेड़ों पर<br>**(घ)** श्रम की<br>**(ड.)** विहग, खग , पंछी आदि | **1x 5 =5** |
| **प्रश्न 6** | **गद्य एवं पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों में से 8 प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में –**<br>(क) जब बच्चा बीमार पड़ने का बहाना बनाकर बिस्तर पर लेटा रहा तो उसके मन में अनेक तरह के भाव आ रहे थे। वह सोच रहा था कि बड़े ठाठ से बिस्तर पर लेटा रहूँगा। सभी लोग अच्छी-अच्छी चीज़ खाने को देंगे। नानीजी साबूदाने की खीर बनाकर लाएगी और अपने हाथों से खिलाएँगी। मुझे स्कूल का होमवर्क भी नहीं करना पड़ेगा।<br>(ख) हाँ ,उसका निर्णय बिलकुल सही था। उसे बीमार होने का बहाना न बनाकर स्कूल जाना चाहिए था क्योंकि बीमार होने पर कड़वी दवाइयों के सिवा कुछ नहीं मिलता। उसे भ्रम था कि बीमार होने पर अच्छी –अच्छी चीज़े खाने को मिलती है लेकिन हुआ उसका विपरीत।<br>(ग) गिरिधर की कुंडलियाँ अपने व्यवहार को सुधारने की प्रेरणा देती है। इन उपयोगी कुंडलियों को अच्छी तरह समझकर हम अपने जीवन को सहज और बेहतर बना सकते है।<br>(घ) वर्षा के समय हमारे क्षेत्र में तापमान में गिरावट आ जाती है। गर्मी कम हो जाती है। चारों ओर हरियाली बढ़ जाती है, पेड़ घने लगते है। जब सुहावनी हवा चलती है तब घूमने का मन करता है। नदी और तालाबों का जलस्तर बढ़ जाता है।<br>(ङ) वर्षा ऋतु में प्रकृति के सौन्दर्य को देखना अच्छा लगता है। गर्म चाय और पकोड़े खाने का मन करता हैं। बारिश में भीगना और कागज से बनी नाव को बहते हुए पानी में छोड़ना आनंद से भर देता है। बाहर जाकर खेलना बंद हो जाता है ,इधर-उधर जाना बंद हो जाता है।<br>(च) बिरजू महाराज ने बच्चों की शिक्षा और रुचियों के बारें में अभिभावकों से कहा हैं कि "आजकल के माँ-बाप से मेरी विनती है कि यदि बच्चे की रूचि है तो उसे लय के साथ खेलने दें । क्योकि इस खेल से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इससे जीवन में संतुलन और समय का सदुपयोग बच्चे सीखते है और जिससे उनका | **2x8 =16** |

| | | |
|---|---|---|
| | बौद्धिक विकास होता है \|"<br>(छ) मनुष्य आजीवन धन एकत्रित करने में लगा रहता है \| उसकी लालसा कभी समाप्त नहीं होती \| लोभ लालच के बंधन में जकड़ा रहता है \| वह इन जंजीरों को तोड़ नहीं पाता , इसलिए ही कवि ने मनुष्य को बंदी बताया है \|<br>(ज) मीराबाई ने श्रीकृष्ण की सुन्दरता को अत्यंत आकर्षक और मनमोहक बताया है \| उन्होंने कहा है कि श्रीकृष्ण की सांवली सूरत आकर्षक है , उनके विशाल नेत्र बहुत मनभावन है , अधरों पर मधुर बाँसुरी शोभा दे रही है और गले में वैजन्ती माला है \|<br>(झ) राखी .जन्माष्टमी आदि \| अध्यापक स्वविवेक से मूल्यांकन करें । | |
| | **खंड – घ (रचनात्मक लेखन) अंक – 14** | |
| **प्रश्न 7** | **तीन विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद**<br>अध्यापक स्वविवेक से मूल्यांकन करें ।<br>प्रस्तुति 1 अंक, विषय वस्तु 3 अंक, भाषा 1 अंक । | **5x1 =5** |
| **प्रश्न 8** | **विद्यालय के प्राचार्य को बड़े भाई की शादी में शामिल होने के कारण तीन दिवस के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र । <u>अथवा</u>**<br>**अपने छोटे भाई/बहन को पढाई के महत्त्व के बारें में सलाह देते हुए पत्र।**<br>अध्यापक स्वविवेक से मूल्यांकन करें ।<br>. आरंभ व अंत की औपचारिकताएं 1अंक, विषय वस्तु 3 अंक, भाषा 1 अंक । | **5x1 =5** |
| **प्रश्न 9** | **माता व पुत्र/पुत्री के बीच निम्न-विषय एवं संकेत-बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए संवाद - शिक्षक अपनी सोच विचार से अंक देंगे**<br>**<u>अथवा</u> आपके विद्यालय में बाल-मेला लगने वाला है ,इसकी सूचना विद्यार्थियों को देते हुए सूचना-पट्ट पर सूचना।**<br>अध्यापक स्वविवेक से मूल्यांकन करें ।<br>. आरंभ व अंत की औपचारिकताएं 1अंक, विषय वस्तु 2 अंक, भाषा 1 अंक । | **4x1 =4** |

**********समाप्त ***************